आइसीएसआइ-आइआइएम में एमओयू टॉपर्स को मिलेगा 14 कैरेट का गोल्ड मेडल

रांची. द इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया (आइसीएसआइ) और आइआइएम, रांची के बीच गुरुवार को एमओयू हुआ. एमओयू पर आइसीएसआइ के काउंसिल मेंबर सीएस दीपक कुमार खेतान और आइआइएम, रांची के निदेशक प्रोफेसर शैलेंद्र सिंह ने हस्ताक्षर किये. यह एमओयू आइसीएसआइ सिग्नेचर अवार्ड के लिए किया गया. एमओयू के तहत पीजीडीएम या एमबीए के टॉपर को 14 कैरेट का गोल्ड मेडल दिया जायेगा. जबकि प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहने वालों को सीएस में रजिस्ट्रेशन फ्री किया जायेगा. इंस्टीट्यूट ने अब तक देश भर के सात आइआइएम और 35 विवि के साथ एमओयू किया है. मौके पर रांची चैप्टर की चेयरपर्सन सीएस नेहा पांडेय, ऑफिस इंचार्ज सुमंता दत्ता आदि उपस्थित थे.

Prabhat Khabar, 28.02.2020, Pg. 18